Series : AABB3/1

SET-3

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **56/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Q.P. Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

रसायन विज्ञान (सैद्धांतिक)
CHEMISTRY (Theory)

*निर्धारित समय : **2** घण्टे*
*Time allowed : **2** hours*

*अधिकतम अंक : **35***
*Maximum Marks : **35***

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका सख़्ती से पालन करें ।

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **12** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **तीन** खंड़ों में विभाजित है – खंड **क, ख** एवं **ग** ।*

(iii) ***खंड क** – प्रश्न संख्या **1** से **3** तक अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।*

(iv) ***खंड ख** – प्रश्न संख्या **4** से **11** तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है ।*

(v) ***खंड ग** – प्रश्न संख्या **12** केस आधारित प्रश्न है । यह प्रश्न **5** अंक का है ।*

(vi) *लॉग टेबल एवं कैल्क्युलेटर का प्रयोग वर्जित है ।*

*

खण्ड–क

1. दिए गए निर्देश के अनुसार निम्नलिखित यौगिकों को व्यवस्थित कीजिए : (कोई **दो**)

(i) जलीय विलयन में क्षारकीय सामर्थ्य के घटते क्रम में :

$C_2H_5NH_2$, $(C_2H_5)_2$ NH, $(C_2H_5)_3$ N

(ii) जल में विलेयता के बढ़ते क्रम में :

$(C_2H_5)_2$ NH, $C_2H_5NH_2$, $C_6H_5NH_2$

(iii) pKb मान के घटते क्रम में :

$C_6H_5NH_2$, $C_2H_5NH_2$, NH_3 **1 × 2 = 2**

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them.

(i) *This question paper contains **12** questions. **All** questions are compulsory.*

(ii) *This question paper is divided into **three** Sections – **Section A**, **B** and **C**.*

(iii) ***Section - A** Q. Nos. **1** to **3** are very short answer type questions carrying **2** marks each.*

(iv) ***Section - B** Q. Nos. **4** to **11** are short answer type questions carrying **3** marks each.*

(v) ***Section - C** Q. No. **12** is case based question carrying **5** marks.*

(vi) *Use of log tables and calculators is NOT allowed.*

SECTION – A

1. Arrange the following compounds as directed : (any **Two**)

(i) In decreasing order of basic strength in aqueous solution :

$C_2H_5NH_2$, $(C_2H_5)_2$ NH, $(C_2H_5)_3$ N

(ii) In increasing order of solubility in water :

$(C_2H_5)_2$ NH, $C_2H_5NH_2$, $C_6H_5NH_2$

(iii) In decreasing order of their pKb values :

$C_6H_5NH_2$, $C_2H_5NH_2$, NH_3 **1 × 2 = 2**

2. मोलर चालकता ($\wedge_m$) और सांद्रता के वर्गमूल ($\sqrt{C}$) के बीच आलेख में दो विद्युत-अपघट्यों X और Y के लिए निम्नलिखित वक्र प्राप्त हुए :



निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(i) विद्युत-अपघट्यों X और Y की प्रकृति की प्रागुक्ति कीजिए ।

(ii) विद्युत-अपघट्यों X और Y की सांद्रता जब शून्य की ओर पहुँचने लगती है, तो $\wedge_m$ के बहिर्वेशन पर क्या होता है ? **1 × 2 = 2**

3. जटिल अभिक्रियाओं से आप क्या समझते हैं ? क्या एक जटिल अभिक्रिया के लिए हम कोटि एवं आण्विकता पता कर सकते हैं ? **2**

खण्ड-ख

4. (क) भौतिक-अधिशोषण और रासायनिक-अधिशोषण के बीच कोई तीन अंतर लिखिए । **1 × 3 = 3**

अथवा

(ख) प्रत्येक के लिए उपयुक्त उदाहरण देकर निम्नलिखित पदों को परिभाषित कीजिए :

(i) द्रवरागी सॉल

(ii) वृहदाण्विक कोलॉइड

(iii) स्कंदन **1 × 3 = 3**

5. (क) प्रत्येक केस के लिए एक उपयुक्त उदाहरण देते हुए निम्न अभिक्रियाओं को प्रदर्शित कीजिए :

(i) गैब्रिल थैलिमाइड संश्लेषण

(ii) कार्बिलएमीन अभिक्रिया

(iii) हॉफमान ब्रोमेमाइड निम्नीकरण अभिक्रिया **1 × 3 = 3**

अथवा

(ख) निम्न अभिक्रियाओं में A, B तथा C की संरचना दीजिए :

(i) $CH_3CH_2Cl \xrightarrow{KCN} A \xrightarrow{LiAlH_4} B \xrightarrow[0\ ^\circ C]{HNO_2} C$

(ii) $CH_3COOH \xrightarrow[\Delta]{NH_3} A \xrightarrow[(b)\ H_2O]{(a)\ LiAlH_4} B \xrightarrow{C_6H_5SO_2Cl} C$ **1½ × 2 = 3**

2. In the plot of molar conductivity ($\wedge_m$) Vs. square root of concentration $(\sqrt{C})$, following curves are obtained for two electrolytes X and Y :



Answer the following :

(i) Predict the nature of electrolyte X and Y.

(ii) What happens on extrapolation of $\wedge_m$ to concentration approaching zero for electrolytes X and Y ? **1 × 2 = 2**

3. What do you mean by complex reactions ? Can we determine order and molecularity of a complex reaction ? **2**

SECTION – B

4. (a) Write any three differences between physisorption and chemisorption. **1 × 3 = 3**

OR

(b) Define the following terms with a suitable example in each :

(i) Lyophilic sol

(ii) Macromolecular colloid

(iii) Coagulation **1 × 3 = 3**

5. (a) Illustrate the following reactions giving suitable example in each case :

(i) Gabriel phthalimide synthesis.

(ii) Carbylamine reaction.

(iii) Hoffmann bromamide degradation reaction. **1 × 3 = 3**

OR

(b) Write the structures of A, B and C in the following reactions :

(i) $CH_3CH_2Cl \xrightarrow{KCN} A \xrightarrow{LiAlH_4} B \xrightarrow[0\ ^\circ C]{HNO_2} C$

(ii) $CH_3COOH \xrightarrow[\Delta]{NH_3} A \xrightarrow[(b)\ H_2O]{(a)\ LiAlH_4} B \xrightarrow{C_6H_5SO_2Cl} C$ **1½ × 2 = 3**

6. एक कार्बनिक यौगिक 'X' जिसका अणुसूत्र $C_5H_{10}O$ है 2,4-DNP व्युत्पन्न बनाता है, टॉलेन अभिकर्मक को अपचयित नहीं करता है लेकिन NaOH की उपस्थिति में I_2 के साथ गर्म करने पर आयोडोफार्म परीक्षण देता है। यौगिक 'X' प्रबल ऑक्सीकरण पर एथेनॉइक तथा प्रोपेनॉइक अम्ल देता है।

लिखिए :

(i) यौगिक 'X' की संरचना।

(ii) 2, 4-DNP अभिकर्मक के साथ यौगिक 'X' की अभिक्रिया होने से प्राप्त उत्पाद की संरचना।

(iii) यौगिक 'X' को NaOH की उपस्थिति में I_2 के साथ गर्म करने से प्राप्त उत्पादों की संरचनाएँ।

1 × 3 = 3

7. (क) (i) क्रिस्टल फील्ड सिद्धांत के आधार पर यदि $\Delta_0 < P$ हो तो d^4 आयन के लिए इलेक्ट्रॉनिक विन्यास लिखिए।

(ii) संयोजकता आबंध सिद्धांत का उपयोग करते हुए $[Ni(CN)_4]^{2-}$ के संकरण एवं चुम्बकीय लक्षण की प्रागुक्ति कीजिए। (परमाणु क्रमांक : Ni = 28)

(iii) IUPAC नियमों के आधार पर निम्नलिखित संकुल का सूत्र लिखिए :

डाइक्लोरिडोबिस (एथेन-1,2-डाइऐमीन) कोबाल्ट (III) **1 × 3 = 3**

अथवा

(ख) जब एक उपसहसंयोजक यौगिक $NiCl_2 \cdot 6H_2O$ को $AgNO_3$ के साथ मिलाया जाता है तो यौगिक के एक मोल के साथ $AgCl$ के दो मोल अवक्षेपित होते हैं। लिखिए :

(i) संकुल का संरचना सूत्र।

(ii) संकुल में 'Ni' की द्वितीयक संयोजकता।

(iii) संकुल का IUPAC नाम। **1 × 3 = 3**

8. (क) निम्नलिखित के लिए कारण दीजिए :

(i) Zr और Hf लगभग समान परमाणु त्रिज्याओं वाले हैं।

(ii) संक्रमण धातुएँ परिवर्तनीय ऑक्सीकरण अवस्थाएँ दर्शाती हैं।

(iii) ज़िंक की कणन एन्थैल्पी का मान सबसे कम होता है। **1 × 3 = 3**

अथवा

(ख) संक्रमण धातुएँ तथा इनके अनेक यौगिक उत्तम उत्प्रेरक का कार्य क्यों करते हैं ? संक्रमण धातुओं की ऑक्सीकरण अवस्थाओं में परिवर्तनशीलता असंक्रमण धातुओं में ऑक्सीकरण अवस्थाओं में परिवर्तनशीलता से किस प्रकार भिन्न है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **3**

6. An organic compound 'X' with the molecular formula $C_5H_{10}O$ forms 2,4-DNP derivative, does not reduce Tollens' reagent but gives positive iodoform test on heating with I_2 in the presence of NaOH. Compound 'X' gives ethanoic acid and propanoic acid on vigorous oxidation. Write the

(i) Structure of the compound 'X'.

(ii) Structure of the product obtained when compound 'X' reacts with 2,4-DNP reagent.

(iii) Structures of the products obtained when compound 'X' is heated with I_2 in the presence of NaOH. **1 × 3 = 3**

7. (a) (i) On the basis of crystal field theory, write the electronic configuration for d^4 ion if $\Delta_0 < P$.

(ii) Using valence bond theory, predict the hybridization and magnetic character of $[Ni(CN)_4]^{2-}$.

(Atomic number of Ni = 28)

(iii) Write the formula of the following complex using IUPAC norms :

Dichloridobis (ethane-1,2-diamine) cobalt (III) **1 × 3 = 3**

OR

(b) When a co-ordination compound $NiCl_2 \cdot 6H_2O$ mixed with $AgNO_3$, 2 moles of AgCl are precipitated per mole of the compound. Write

(i) Structural formula of the complex.

(ii) Secondary valency of 'Ni' in the complex.

(iii) IUPAC name of the complex. **1 × 3 = 3**

8. (a) Account for the following :

(i) Zr and Hf have almost similar atomic radii.

(ii) Transition metals show variable oxidation states.

(iii) Zinc has lowest enthalpy of atomisation. **1 × 3 = 3**

OR

(b) Why transition metals and their compounds act as good catalyst ? How is the variability in oxidation states of transition metals different from that of the non-transition metals ? Illustrate with examples. **3**

9. (a) निम्नलिखित सेल अभिक्रिया के लिए मानक गिब्ज़ ऊर्जा $-300\ kJ\ mol^{-1}$ है :

$$Zn(s) + 2Ag^{+}(aq) \rightarrow Zn^{2+}(aq) + 2Ag(s)$$

अभिक्रिया के लिए E^{o}_{cell} का परिकलन कीजिए ।

(दिया है : $1\ F = 96500\ mol^{-1}$)

(b) $MgCl_2$ के लिए λ^{o}_{m} का परिकलन कीजिए यदि Mg^{2+} आयन एवं Cl^{-} आयन के लिए λ^{o} के मान क्रमशः $106\ S\ cm^2mol^{-1}$ एवं $76.3\ S\ cm^2mol^{-1}$ हैं । **2 + 1 = 3**

10. 3d संक्रमण श्रेणी के निम्नलिखित आयन दिए गए हैं :

Ti^{2+}, Fe^{2+}, Cu^{2+}, Zn^{2+}

(परमाणु क्रमांक : Ti = 22, Fe = 26, Cu = 29, Zn = 30)

इनमें से उस आयन को पहचानिए जो

(i) जलीय विलयन में एक प्रबल अपचायक है

(ii) अपनी +1 ऑक्सीकरण अवस्था से अधिक स्थायी है

(iii) जलीय विलयन में रंगहीन है ।

प्रत्येक के लिए उपयुक्त कारण दीजिए । **1 × 3 = 3**

11. एक प्रथम कोटि की अभिक्रिया के 50% पूर्ण होने में 40 मिनट लगते हैं । कितने समय में अभिक्रिया 90% पूर्ण होगी ?

[दिया है : log 2 = 0.3010, log 10 = 1] **3**

खण्ड – ग

12. नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

ऐल्डिहाइड, कीटोन एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल, कार्बनिक यौगिकों के कुछ महत्त्वपूर्ण वर्ग हैं जिनमें कार्बोनिल समूह उपस्थित हैं । कार्बोनिल समूह में कार्बन की अपेक्षा ऑक्सीजन की विद्युत-ऋणात्मकता उच्च होने के कारण ये अत्यधिक ध्रुवीय अणु होते हैं । ऐल्डिहाइडों को प्राथमिक ऐल्कोहॉलों के विहाइड्रोजनन या नियंत्रित ऑक्सीकरण और ऐसिल हैलाइडों के नियंत्रित अपचयन द्वारा विरचित किया जाता है । कीटोनों को द्वितीयक ऐल्कोहॉलों के ऑक्सीकरण और ऐल्काइनों के जलयोजन से विरचित किया जाता है ।

9. (a) The standard Gibbs energy (ΔrG°) for the following cell reaction is -300 kJ mol^{-1} :

$$Zn(s) + 2Ag^+(aq) \rightarrow Zn^{2+}(aq) + 2Ag(s)$$

Calculate E^o_{cell} for the reaction. (Given: 1F = 96500 mol^{-1})

(b) Calculate λ^o_m for $MgCl_2$ if λ^o values for Mg^{2+} ion and Cl^- ion are 106 S cm^2mol^{-1} and 76.3 S cm^2mol^{-1} respectively. **2 + 1 = 3**

10. Following ions of 3d transition series are given :

Ti^{2+}, Fe^{2+}, Cu^{2+}, Zn^{2+}

(Atomic number : Ti = 22, Fe = 26, Cu = 29, Zn = 30)

Identify the ion, which is

(i) a strong reducing agent in aqueous solution.

(ii) more stable than its +1 oxidation state.

(iii) colourless in aqueous solution.

Give a suitable reason in each. **1 × 3 = 3**

11. A first order reaction is 50% complete in 40 minutes. Calculate the time required for the completion of 90% of reaction.

[Given : log 2 = 0.3010, log 10 = 1] **3**

SECTION – C

12. Read the passage given below and answer the questions that follow :

Aldehydes, ketones and carboxylic acids are some of the important classes of organic compounds containing carbonyl group. These are highly polar molecules due to higher electro-negativity of oxygen relative to carbon in the carbonyl group. Aldehydes are prepared by dehydrogenation or controlled oxidation of primary alcohols and controlled reduction of acyl halides. Ketones are prepared by oxidation of secondary alcohols and hydration of alkynes.

ऐल्डिहाइड एवं कीटोन कार्बोनिल समूह पर नाभिकरागी योगज अभिक्रियाएँ देते हैं लेकिन कार्बोक्सिलिक अम्ल नाभिकरागी योगज अभिक्रियाएँ नहीं देते हैं । ऐल्डिहाइड एवं कीटोनों में उपस्थित α-हाइड्रोजन अम्लीय होते हैं । अतः कम से कम एक α-हाइड्रोजन युक्त ऐल्डिहाइड एवं कीटोन ऐल्डोल संघनन देते हैं ।

टॉलेन अभिकर्मक एवं फेलिंग विलयन के समान मृदु ऑक्सीकरण अभिकर्मक ऐल्डिहाइडों को आसानी से ऑक्सीकृत कर देते हैं । कार्बोक्सिलिक अम्लों का विरचन प्राथमिक ऐल्कोहॉलों, ऐल्डिहाइडो के ऑक्सीकरण, नाइट्राइलों के जल-अपघटन के द्वारा किया जाता है । ऐरोमैटिक कार्बोक्सिलिक अम्लों को पार्श्व शृंखला वाले ऐल्किल बेन्ज़ीन के ऑक्सीकरण से विरचित किया जा सकता है । कार्बोक्सिलिक अम्ल ऐल्कोहॉलों एवं अधिकतर अतिसरल फ़ीनालों से काफी अधिक अम्लीय होते हैं ।

(a) निम्न को नाभिकरागी योगज अभिक्रिया के प्रति उनकी अभिक्रियाशीलता के बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए : **1**

CH_3COCH_3, CH_3CHO, HCHO, $C_6H_5COCH_3$

(b) एथेनैल एवं प्रोपेनोन के बीच विभेद करने के लिए एक सरल रासायनिक परीक्षण दीजिए । **1**

(c) ऐल्डिहाइडों एवं कीटोनों की तरह कार्बोक्सिलिक अम्ल नाभिकरागी योगज अभिक्रियाएँ क्यों नहीं देते हैं ? **1**

(d) (i) ऐल्डिहाइडों एवं कीटोनों के ऐल्फा (α) हाइड्रोजन की अम्लीय प्रकृति क्यों होती है ?

(ii) निम्नलिखित में उत्पादों को लिखिए : **1 + 1 = 2**



अथवा

निम्नलिखित अभिक्रियाओं के मुख्य उत्पाद लिखिए :

(i)  **1**

(ii)  **1**

1+1+1+2=5

Aldehydes and ketones undergo nucleophilic addition reactions onto the carbonyl group but carboxylic acid does not undergo nucleophilic addition reaction. The alpha (α) – hydrogens of aldehydes and ketones are acidic. Therefore aldehydes and ketones having at least one α-hydrogen undergo Aldol condensation.

Aldehydes are easily oxidised by mild oxidising agents such as Tollens' reagent and Fehling's reagent. Carboxylic acids are prepared by the oxidation of primary alcohols, aldehydes and by hydrolysis of nitriles. Aromatic carboxylic acids are prepared by side-chain oxidation of alkyl benzenes. Carboxylic acids are considerably more acidic than alcohols and most of simple phenols.

(a) Arrange the following in the increasing order of their reactivity towards nucleophilic addition reaction. : **1**

CH_3COCH_3, CH_3CHO, HCHO, $C_6H_5COCH_3$

(b) Give a simple chemical test to distinguish between Ethanal and Propanone. **1**

(c) Why carboxylic acid does not give nucleophilic addition reactions like aldehydes and ketones ? **1**

(d) (i) Why α-hydrogen of aldehydes and ketones are acidic in nature ?

(ii) Write the products in the following : **1 + 1 = 2**



OR

Write the major products of the following reactions :

(i)  **1**

(ii)  **1**

1+1+1+2=5

*